# जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

उपरोक्त विषयक दिनांक 27.01.2026 को जिलाधिकारी महोदय, मथुरा द्वारा जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा की गई। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/अभियन्ताओं/फर्म प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. श्री राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
2. श्री दिनेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मथुरा– (सदस्य सचिव)
3. श्री धनंजय जायसवाल, जिला पंचायतराज अधिकारी, मथुरा।
4. श्री सुशील कुमार, एस0डी0ओ0, वन विभाग, मथुरा।
5. श्री राजीव कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
6. श्री भूपेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
7. श्री अशोक कुमार ठाकुर, पी0एम0 पैकेज– I, एन0सी0सी0 – एपको (जे0वी0), मथुरा।
8. श्री रोहित कुमार, टीम लीडर, मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा क्लस्टर।
9. श्री नीतेश झा, क्वालिटी इन्चार्ज, पैकेज– I एवं II, एन0सी0सी0 – एपको (जे0वी0), मथुरा।
10. श्री मोहित कुमार, पी0एम0, जी0ए0 इन्फ्रा प्रा0लि0, जयपुर, राजस्थान।
11. श्री मोहित सिंह जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, मेधज टैक्नो कॉन्सेप्ट, मथुरा।

समीक्षा के दौरान सर्वप्रथम अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा पिछली बैठक की अनुपालन आख्या एवं वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद मथुरा में सतही स्त्रोत आधारित पेयजल योजनाओं के कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, कार्यों की प्रगति रिपोर्ट निम्नानुसार है –

**पैकेज–01 की प्रगति**

| S.N. | Activity Name | Duration | QTY | Progress as per timeline (Dated 27.01.2026) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achievement |
| 1 | Supply of MS pipes | TARGET | 55.900 KM | 100% | 90% |
| | | ACHIEVEMENT | 52.50 KM | | |
| 2 | Supply of DI pipes | TARGET | 1178 KM | 100% | 80% |
| | | ACHIEVEMENT | 935 KM | | |
| 3 | Sedimentation tank at Palra (23000KL) | TARGET | 1 Nos | 100% | 95% |
| | | ACHIEVEMENT | WIP | | |
| 4 | Water Treatment Plant( 188.50 MLD) | TARGET | 1 Nos | 100% | 40% |
| | | ACHIEVEMENT | WIP | | |
| 5 | Clear water Reservior & Pump House | TARGET | 8 Nos | 100% | 37% |
| | | ACHIEVEMENT | 7 -WIP | | |
| 6 | Laying , Joiniting , Testing & Road Restoration work for Clear Water Rising Mains | TARGET | 1178 KM | 100% | 53% |
| | | ACHIEVEMENT | 625 KM | | |
| 7 | Laying , Joiniting , Testing & Road Restoration work for Gravity MS Pipe | TARGET | 55.90 KM | 100% | 12% |
| | | ACHIEVEMENT | 5.10 KM | | |

**पैकेज–02 की प्रगति**

| S.N. | Activity Name | Duration | QTY | Progress as per timeline (Dated 27.01.2026) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achievement |
| 1 | Construction of Over Head Tanks along with RTU Room | TARGET | 214 | 100% | 38% |
| | | ACHIEVEMENT (WIP) | 185 | | |
| 2 | Distribution System & Related work | TARGET | 4566 | 90% | 62% |
| | | ACHIEVEMENT | 2845 | | |

- बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा ग्रामों में पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गई सड़कों की पुर्नस्थापना सम्बन्धी कार्यों की धीमी प्रगति होने के कारण नाराजगी व्यक्त की गई एवं फर्म के प्रोजेक्ट मैंनेजर को सड़कों की पुर्नस्थापना अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गये। उक्त के अतिरिक्त जिन ग्रामों में सड़कों की पुर्नस्थापना कर दी गई है, उन ग्रामों की सूची सत्यापन हेतु जिला पंचायतराज अधिकारी, मथुरा को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए गये।
- जनपद में लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के स्वामित्व वाली सड़कों के किनारे बिछाई गई पाइप लाइन के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की पुर्नस्थापना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए गये कि अवशेष सड़कों की पुर्नस्थापना अतिशीघ्र करा ली जाए।
- पिछली बैठक में दिए गये निर्देशों के अनुपालन में फर्म द्वारा बताया गया कि ग्राम जोनई की एन0सी0आर0 क्लोज किये जाने हेतु रिपोर्ट टी0पी0आई0 को प्रेषित कर दी गई है एवं जिन अवर जलाशयों की कॉलम की सरिया रीवारिंग की जानी थी, उनकी मैथोडलॉजी जल निगम एवं टी0पी0आई0 को उपलब्ध करा दी जायेगी, जिस पर निर्देश दिए गये कि रीवारिंग कार्य के लिए सभी आवश्यक जांचें करा ली जाए, जिससे टंकी के कार्यों की गुणवत्ता बनी रहे।
- पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के पश्चात भी टी0पी0आई0 द्वारा इन्जीनियरों की संख्या न बढ़ाये जाने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यों की गुणवत्ता निगरानी में लगी हुई टी0पी0आई0 के इन्जीनियरों की संख्या बढ़ाये जाने के निर्देश टीम लीडर, मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (इण्डिया), आगरा क्लस्टर को दिये गये।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में पूर्व निर्मित जर्जर अवर जलाशयों को गिराये जाने की समीक्षा की गई, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि अवर जलाशय तोड़ने के कार्यों में लगे हुए वेन्डर द्वारा अधिकांश जर्जर अवर जलाशय ध्वस्त कर दिये गये हैं एवं 12 नग अवर जलाशय अवशेष हैं, जिनके ध्वस्तीकरण की कार्यवाही प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवशेष जर्जर अवर जलाशय को तोड़े जाने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को दिये गये।
- पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों '' पैकेज–। व पैकेज–।। के अन्तर्गत निर्माण कार्यों में लगे हुए श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन श्रम विभाग में कराये जाने'' के अनुपालन में फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा 20 श्रमिकों के पंजीकरण करा दिये गये हैं, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मैंनेजर को आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन कराये जाने के निर्देश दिए गये।

* पालरा झाल से ग्राम बेरा में निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र तक बिछाई जा रही एम0एस0 पाइप लाइन के संरेखण में आने वाले सिंचाई विभाग की नहरों की क्रॉसिंग की अनापत्ति, अपर गंगा कैनाल पर निर्मित किये जाने वाले हैड रेगुलेटर के प्राक्कलन, जनपद अलीगढ़ में भूमि के अस्थाई अर्जन हेतु फसलों के प्रतिकर दिये जाने के कार्यों के लिए जिलाधिकारी मथुरा की तरफ से पत्र प्रेषित किये जाने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को दिये गये।
* अन्त में निर्देश दिए गये कि दोनों पैकेजों में निर्माणाधीन कार्यों पर समानान्तर कार्य करते हुए श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए प्रगति बढ़ा ली जाए।

अनुमोदित
04/02/2026
अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग
मथुरा

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
मथुरा।

पत्रांक 98 / जल जीवन मिशन / 06 दिनांक 04-02-26

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय मथुरा।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय मथुरा।
3. अपर जिलाधिकारी महोदय, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
4. मुख्य अभियन्ता(आ0क्षे0) / अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय / अधिशासी अभियन्ता (वि0यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

5. जिला पंचायतराज अधिकारी, मथुरा को इस आशय से प्रेषित कि बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा दिए गये निर्देशों के अनुपालन हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करें।
6. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इन्जीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0सी0-एंपको (जे0वी0) (पैकेज– I एवं II), मथुरा को इस निर्देश के साथ कि अनुपालन आख्या 03 दिवस में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
8. टीम लीडर मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा कलस्टर / जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 (मेधज टैक्नॉ, प्रा0लि0) मथुरा।

अधिशासी अभियन्ता